**भारत सरकार**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3761**
**उत्तर देने की तारीख : 12.08.2025**

**राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति**

**3761. डॉ. मोहम्मद जावेद:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 2025-26 के लिए राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत चयनित 106 अभ्यर्थियों में से केवल 40 को ही अनंतिम रूप से छात्रवृत्ति प्रदान की गई है;

(ख) इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियों का ब्यौरा क्या है और प्रति छात्र प्रदान की जाने वाली कुल राशि, जिसमें शिक्षण शुल्क, रहने का खर्च ओर अन्य भत्ते शामिल हैं, कितनी है;

(ग) चालू वित्तीय वर्ष का बजट आवंटन अब तक का सबसे अधिक आवंटन होने के बावजूद, धन की कमी के क्या कारण हैं; और

(घ) योजना के अंतर्गत पूरी तरह से योग्य और आधिकारिक रूप से चयनित होने के बावजूद अभ्यर्थियों, खासकर जब वे ऐतिहासिक रूप से वंचित और वंचित समुदायों से आते हैं, को छात्रवृत्ति से वंचित क्यों किया जा रहा है?

**उत्तर**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**
**(श्री रामदास आठवले)**

**(क):** अनुसूचित जाति आदि के लिए राष्ट्रीय ओवरसीज़ छात्रवृत्ति योजना (एनओएस) के अंतर्गत चयन वर्ष 2025-26 के प्रथम दौर में चयनित सभी 106 अभ्यर्थियों को अनंतिम अवार्ड लेटर जारी कर दिए गए हैं।

**(ख):** योजना के अनुसार, प्रतिवर्ष कुल 125 स्लॉट उपलब्ध हैं। इनमें से 115 स्लॉट अनुसूचित जातियों के लिए, 6 विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों के लिए और 4 भूमिहीन कृषि श्रमिकों और पारंपरिक कारीगरों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं। प्रत्येक स्कॉलर को ट्यूशन,

ट्यूशन, रहने का खर्च और अन्य भत्ते सहित प्रदान की जाने वाली कुल राशि का विवरण **संलग्नक** में दिया गया है।

**(ग):** इस योजना के अंतर्गत निधि की कोई कमी नहीं है। वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान (बी.ई.) के अंतर्गत आवंटित निधि 130 करोड़ रुपये है, जो अब तक का सर्वाधिक है।

**(घ):** एनओएस योजना के तहत चयन वर्ष 2025-26 के प्रथम दौर में चयनित सभी 106 उम्मीदवारों को अनंतिम अवार्ड लेटर जारी कर दिए गए हैं।

**<u>संलग्नक</u>**

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3761, जिसका उत्तर दिनांक 12.08.2025 को दिया जाना है, के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक**

| क्र.सं. | सहायता का प्रकार | संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) और यू.के. को छोड़कर अन्य देश | यूनाइटेड किंगडम (यूके) |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्षिक मेन्टेनेंस भत्ता | 15400 अमेरिकी डॉलर | 9900 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड |
| 2. | वार्षिक आकस्मिक भत्ता | 1500 अमेरिकी डॉलर | 1100 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड |
| 3. | ट्यूशन फीस | यथा प्रभारित वास्तविक | |
| 4. | वीजा फीस | भारतीय रुपये में वास्तविक वीज़ा शुल्क | |
| 5. | चिकित्सा बीमा प्रीमियम | यथा प्रभारित वास्तविक | |
| 6. | आकस्मिक यात्रा भत्ता और उपकरण भत्ता | प्रत्येक के लिए 20 अमेरिकी डॉलर या भारतीय रुपये में इसके समतुल्य | |
| 7. | वायु मार्ग | सबसे छोटे मार्ग से इकोनॉमी क्लास में आने-जाने का हवाई किराया। | |

*****